भागलपुर के पास गंगा नदी पर रेलवे पुल

*37 डा० रामजी सिंह : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भागलपुर के पास गंगा नदी पर रेलवे पुल बनाने की योजना सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो कब से तथा इस मामले में कितनी प्रगति हुई है ;

(ग) जब तक गंगा नदी पर रेलवे पुल नहीं बनता तब तक बिहपुर से बरारी तक छोटी लाइन होने की क्या आवश्यकता है ; और

(घ) क्या उनके मंत्रालय को इस सम्बन्ध में भागलपुर ईस्टर्न डिवीजनल चेम्बर आफ कामर्स तथा अन्य संगठनों से बहुत से प्रतिवेदन मिले हैं और यदि हां, तो उन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दण्डवते) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) पूर्वी बिहार, वाणिज्य एवं उद्योग मंडल, भागलपुर से एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ था जिसमें, अन्य बातों के साथ साथ रेल पुल के निर्माण के लिए अनुरोध किया गया था । भागलपुर में रेलवे का पुल बनाने से सम्बन्धित किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं हो रहा है ।

Common Marriage Law

*38. DR. BAPU KALDATE: Will the Minister of LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government propose to reform the marriage laws in the country;

(b) whether article 44 of the Constitution would be invoked for the purpose; and

(c) if not, what steps are being taken to have a common marriage law in the country?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER): (a) to (c). There is at present no proposal before Government for the reform of marriage laws with a view to having a common marriage law in the country.

जमालपुर रेलवे वर्कशाप में युवकों को रोजगार

*39 श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पंच वर्षीय योजनाएं बनने से पूर्व जमालपुर रेलवे वर्कशाप में 22 हजार कर्मचारी काम करते थे जबकि पंच वर्षीय योजनाएं बनने के बाद कर्मचारियों के संख्या घटाकर –8–9 हजार कर दी गई है, और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या मुंगेर जिले में यह एक मात्र ऐसा बड़ा रेलवे वर्कशाप है जहां स्थानीय कर्मचारी और कुशल कारीगर काम करते है ; और

(ग) क्या वहां हजारों परिशिक्षित युवक बेरोजगार हैं और यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या योजना है ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दण्डवते) : (क) जी नही । जमालपुर कारखाने में कर्मचारियों की संख्या कभी भी 22,000 के आसपास नहीं रही ।. पहली पंचवर्षीय योजना के तत्काल पहले यह संख्या 11,378 थी । अब 11,076 है ।

(ख) जी हां ।

(ग) अभी तक अप्रेन्टिस अधिनियम के अन्तर्गत 869 अप्रेंटिसों को प्रशिक्षित किया